न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कठूमर (अलवर)

पीठासीन अधिकारी श्री श्याम सुंदर चेतीवाल आर ए एस

1. श्री रामावतार सैनी पुत्र श्री रामस्वरूप सैनी माली निवासी गारू तह कठूमर जिला अलवर (राज0)।

-------सायल

बनाम

1. तहसीलदार कठूमर जिला अलवर (राज0)।

----- गैरसायल

प्रार्थना–पत्र 136 एल आर एक्ट 1956

आदेश दिनांक :– 27.11.2025

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने अपने प्रार्थना–पत्र पेश कर बताया कि खाता संख्या 643, 671, 673, 686, 687, 850 व 851 वाके ग्राम गारू तहसील कठूमर में स्थित है। जिसमें प्रार्थी का नाम रामोतार पुत्र श्री रामस्वरूप दर्ज है जबकि प्रार्थी का सही नाम रामावतार पुत्र श्री रामस्वरूप है। प्रार्थी ने अपने नाम को शुद्ध करवाने हेतु अपने नाम रामोतार के स्थान पर रामावतार दुरूस्त कराने हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया। प्रार्थना पत्र के साथ में प्रार्थी ने स्वयं का आधार कार्ड पेश किया है। प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट पटवारी हल्का व तहसीलदार कठूमर की रिपोर्ट में प्रार्थी का नाम रामोतार के स्थान पर रामवतार दुरूस्त किये जाने की अनुशंषा की गई है।

हमने प्रार्थना पत्र के तथ्यों, सायल द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड एवं तहसीलदार कठूमर द्वारा की गई अनुशंषा का अवलोकन किया। सायल के प्रार्थना पत्र, स्वयं के आधार कार्ड से

खाता संख्या 643, 671, 673, 686, 687, 850 व 851 वाके ग्राम गारू तहसील कठूमर में रामोतार के स्थान पर रामावतार दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू. राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किये जाने योग्य पाया जाता है।

—:आदेश:—

अतः प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू. राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किया जाकर खाता संख्या 643, 671, 673, 686, 687, 850 व 851 वाके ग्राम गारू तहसील कठूमर में रामोतार के स्थान पर रामावतार दुरूस्त किये जाने के आदेश तहसीलदार कठूमर को दिये जाते हैं एवं उक्तानुसार जमाबंदी में संशोधित इन्द्राज करें। आदेश की प्रति तहसीलदार कठूमर को पालनार्थ भिजवाई जावे।

निर्णय आज दिनांक को मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया।

(श्याम सुंदर चेतीवाल)
उपखण्ड अधिकारी
कठूमर (अलवर)